हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

कार्यसूची

ग्यारहवां सत्र

शुक्रवार, 4 मार्च, 2016/14 फाल्गुन, 1937(शक्)

11.00 बजे (पूर्वाह्न)

1. **प्रश्नोत्तर:**

(1) **तारांकित :**

दिन के लिए } पृथक सूची में मुद्रित प्रश्न पूछे जाएंगे तथा उनके उत्तर दिए जाएंगे ।

(2) **अतारांकित :**

दिन के लिए } पृथक सूची में मुद्रित प्रश्नों के उत्तर सभा पटल पर रखे जाएंगे ।

2. **कागजात सभा पटल पर रखे जाएंगे :**

श्री वीरभद्र सिंह, मुख्य मन्त्री, हिमाचल प्रदेश के आर्थिक सर्वेक्षण, वर्ष 2015-16 की प्रति सभा पटल पर रखेंगे ।

3. **सदन की समिति के प्रतिवेदन :**

श्री रविन्द्र सिंह, सभापति, लोक लेखा समिति, (वर्ष 2015-16), समिति के निम्न प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति सभा में उपस्थापित करेंगे तथा सदन के पटल पर रखेंगे :-

(i) समिति का **122वां मूल प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन वर्ष 2006-07 (सिविल) पर आधारित तथा **ग्रामीण विकास विभाग** से सम्बन्धित है; और

(ii) समिति का **123वां मूल प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन वर्ष 2006-07 (सिविल/राजस्व प्राप्तियां) पर आधारित तथा **राजस्व विभाग** से सम्बन्धित है ।

4. नियम-62 के अन्तर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव:

(1) **श्री अनिरूद्ध सिंह**, "दिनांक 28 फरवरी, 2016 को शिमला के भट्ठाकुफर स्थित गौ-सदन में बैल की हुई निर्मम हत्या" से उत्पन्न स्थिति की ओर **मुख्य मन्त्री** का ध्यान आकर्षित करेंगे ।

(2) **श्री सुरेश भारद्वाज**, "शिमला के इन्दिरा गान्धी मेडिकल कॉलेज से वरिष्ठ प्राध्यापकों व चिकित्सकों के स्थानान्तरण से मरीज़ों को हो रही भारी असुविधा" से उत्पन्न स्थिति की ओर **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** का ध्यान आकर्षित करेंगे ।

5. राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा एवं पारण:

दिनांक 25 फरवरी, 2016 को **श्री जगजीवन पाल,** सदस्य द्वारा प्रस्तुत तथा **श्री अजय महाजन,** सदस्य द्वारा अनुसमर्थित निम्न प्रस्ताव पर चर्चा एवं पारण:-

> **"इस सदन में एकत्रित सदस्य, महामहिम राज्यपाल महोदय का, दिनांक 25 फरवरी, 2016 को उन्हें सम्बोधित करने के लिए, ह्दय से आभार प्रकट करते हैं ।"**

शिमला-171 004
दिनांक: 03 मार्च, 2016

सुन्दर सिंह वर्मा,
सचिव ।

*****

(अनुपूरक कार्यसूची, यदि कोई हो, की भी जांच कर लें)